*प्रेस विज्ञप्ति*

*जनपद मुरादाबाद* *दिनांकः-20-11-2022*

**1-दहेज के लिये प्रताडित कर, मारीपट,गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देते हुये तीन-तलाक देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना सिविल लाइन्सः-**

अवगत कराना है दिनांक 16.09.2022 को वादिनी निवासी थाना सिविल लाइन्स क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी को दहेज के लिये प्रताडित कर गाली-गलौज,मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देकर पति द्वारा तीन-तलाक देने के संबंध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0-799/22 धारा- 354,323,504,506 भादवि व धारा ¾ डीपी एक्ट व ¾ मु0वि0अधि0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.11.2022 को उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार थाना सिविल लाइन्स द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त आसिम पुत्र नबी हुसैन निवासी ग्राम सैजना थाना मुण्ढापांडे,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**2-गौवंशीय  मांस की तस्करी करने का एक और अभियुक्त गिरफ्तार,थाना सिविल लाइन्सः-**

अवगत कराना है दिनांक 06.07.2021 को उ0नि0 श्री राजेन्द्र कुमार थाना सिविल लाइन्स ने चैकिंग के दौरान एक कार जिसमें करीब एक कुंतल गौवंशीय मांस था,बरामद की। अभियुक्तगण कार को छोडकर मौके से  फरार हो गये थे। इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स पर मु0अ0सं0-577/2021  धारा-3/5/8 सीएस एक्ट  पंजीकृत किया गया था। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में पूर्व में एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है, आज दिनांक 20.11.2022 को उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार थाना सिविल लाइन्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित एक और आरोपी नासिर पुत्र सफीक निवासी  ग्राम सराय खजूर थाना छजलैट, मुरादाबाद  को गिरफ्तार किया गया।

**3.सोलर पैनल व बैटरे चोरी करने वाले गिरोह का एक और आरोपी अवैध तमंचा,कारतूस व सोलर पैनल एवं बैटरे सहित गिरफ्तार,थाना छजलेटः-**

अवगत कराना है दिनांक 26.09.2022 को उ0नि0 श्री जगजीत सिंह थाना छजलैट ने मय हमराही पुलिसबल के सोलर पैनल एवं बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के पांच चोरो को 73 सोलर पैनल व 26 बैटरी,व अवैध शस्त्रो व चोरी करने के उपकरणो सहित गिरफ्तार किया गया था। उक्त संबंध में थाना छजलैट पर मु0अ0सं0-212/2022 धारा-307/34/411/413/414 भादवि 41/102 सीआरपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में पूर्व में 06 अभियुक्तगण को जेल भेजा जा चुका है, आज दिनांक 20.11.2022 को उ0नि0 श्री मोहम्मद तारिक थाना छजलैट द्वारा मय हमराही पुलिसबल के मुकदमा उपरोक्त के एक और वांछित अभियुक्त भूरा पुत्र नन्हू निवासी ग्राम मुतियापुर थाना छजलैट,मुरादाबाद को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का  एक बैटरा, 01 सोलर पैनल, एक अवैध  तमंचा 12 बोर मय एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध  मुकदमा उपरोक्त में धारा-411 भादवि व धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई।

**4.जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार,थाना कटघरः-**

अवगत कराना है आज दिनांक 20.11.2022 को उ0नि0 श्री कर्ण सिंह थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के जिला बदर अभियुक्त विनोद सैनी पुत्र भूपाल सिंह निवासी जैतिया सादुल्लापुर थाना कटघर,मुरादाबाद को माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने व जनपदीय सीमा में मिलने पर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0-700/2022 धारा-10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**5.गौवंशीय पशु को वध करने के उद्देश्य से क्रुरता पूर्वक बांधने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-**

अवगत कराना है दिनांक 01.10.2022 को उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना मैनाठेर ने मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्तगण द्वारा गौवंशीय पशु को वध करने के उद्देश्य से क्रुरतापूर्वक बांधने व मौके  से पशु काटने के उपकरण बरामद होने पुलिस टीम के आने पर मौके से फरार हो जाने के संबंध में थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0- 292/2022 धारा 3/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रूरता अधि0  पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.11.2022 को उ0नि0 श्री सौरभ यादव थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त सरफराज पुत्र कल्लन निवासी ग्राम मिलक लालपुर गंगवारी थाना मैनाठेर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**6.घर में घुसकर  गाली-गलौज व मारपीट करते हुये जान से मारने की नियत से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-**

अवगत कराना है दिनांक 20.08.2022 को वादी युसुफ पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम ललवारा थाना मैनाठेर,मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर मे घुसकर वादी व उसके परिवारजनों पर गाली-गलौज,मारपीट करने व जान से मारने की नियत से हमला करने के संबंध में थाना मैनाठेर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-246/2022 धारा 308/452/323/504/506 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में आज दिनांक 20.11.2022 को उ0नि0 श्री अभिनव देशवाल थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त नासिर उर्फ मौ0 तारिक पुत्र मिन्जार निवासी ग्राम ललवारा थाना मैनाठेर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**7.घर में घुसकर नाबालिग को मारपीट,गाली-गलौज करते हुये दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-**

अवगत कराना है दिनांक 13.11.2022 को वादी निवासी थाना मैनाठेर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी की नाबालिग पुत्री को गाली-गलौज,मारपीट करते हुये दुष्कर्म करने का प्रयास करने व जातिसूचक शब्द कहने आदि के संबंध में थाना मैनाठेर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-336/22 धारा 376/511/452/323/504/506  भा0द0वि0 व धारा 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट व 3/18 पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.11.2022 को निरीक्षक अपराध श्री जितेन्द्र सिंह थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त इमरान पुत्र फूल शाह निवासी ग्राम नगलिया मशकूला थाना मैनाठेर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।